85	त्वचा रोग (Skin Diseases)	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	दूध व दूध से बने पदार्थ, नमक।
86	विविध व्रण (Wounds)	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	नमक, दूध, दूध के वने पदार्थ।
87	शिर. शूल (Headache)	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	रात्रि जागरण, आतप सेवन, मद्य, मास, लघन, अति मेथुन, क्रोध, अतिउष्ण, अतिशीतल पदार्थ का सेवन।
88	शोथ (सूजन) (Odema)	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	नमक, खटाई, स्टार्च वाले पदार्थ (आलू-चावल, दही, केला)
89	श्लीपद (हाथी पॉव) (Filaria)	दो गोली	प्रात., सोते समय	पानी से	दही, आलू, चावल, केला, मावे की मिठाईयो।

क्र सं S No	नाम रोग Disease	मात्रा Qnty	समय Time	अनुपान Followed by	परहेज (कुपथ्य) निषेध (मना) है। Diet Avoided
90	श्वास (दमा) (Asthama)	दो गोली	प्रात·, सोते समय	पानी से	दूध, दूध से बने पदार्थ, दही, कच्ची छाछ, घी व तेल की अधिक मात्रा, उड़द की दाल, दिन में सोना, मैथुन, गुड़ व शक्कर वाले पदार्थ, मद्य, मांस, क्रोध, तेज हवा के झोको को सहन करना।
91	सन्निपात (Managitis)	दो गोली	प्रात, सोते समय	पानी से	दूध, अन्न, निषेध है।
92	सगृहणी	दो गोली	प्रात, सोते समय	पानी से	सभी अन्न निषेध है।
93	सेद्रिय विष वृद्धि गर-विष (Self-Poison)	दो गोली	प्रात, सोते समय	पानी से	सभी अन्न, मद्य, मास मना है। गोदूध, गौतक, गोदधि, मधु देना है।
94	उन्माद (विष जन्य) (Insanity)	दो गोली	प्रात·, सोते समय	पानी से	भैस का दूध, उससे बने पदार्थ, मास, मद्य, गरिष्ठ पदार्थ, आलू, तेल के तले पदार्थ।
95	सुजाक (Ginorrhea)	दो गोली	प्रात, सोते समय	पानी से	दूध, तेल, खटाई, लाल मिर्च मना है। मद्य, मास मना है।
96	स्नायु विकृति (Nervous Debility)	दो गोली	प्रात, सोते समय	पानी से	शराब, मास, बर्फ का पानी, चावल केला।

क स S No	नाम रोग Disease	मात्रा Qnty	समय Time	अनुपान Followed by	परहेज (कुपथ्य) निषेध (मना) है। Diet Avoided
97	स्त्री रोग (Female Diseases)	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	लाल मिर्च, अचार, गुड़, गरिष्ठ पदार्थ मना है।
98	स्नायुक्त (नारु) (Ginea Worm)	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	दूध, दूध से बने पदार्थ, मास, तेल के तले पदार्थ।
99	स्तन रोग	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	दूध, हरी सब्जी, तेल की तली चीजे, खटाई।
100	हलीमक	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	सभी मसाले, तेल की तली चीजे, खटाई।
101	हारीद्रक	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	सभी मसाले, मद्य, मास, तेल की तली चीजे।
102	हिक्का (Hicough)	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	दूध, दही, छाछ, ठडा पानी।
103	हिस्टीरिया (Hysteria)	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	तेज मसाले, आलू, चावल, मास, मद्य।
104	हृद्रोग (Heart Diseases)	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	गरिष्ठ पदार्थ, बर्फ, अधिक मीठे पदार्थ, तेल के तले पदार्थ, ज्यादा घी, आलू, चावल, केला, दही, मैथुन, रात्रि जागरण, लघन, चिन्ता, क्रोध, मानसिक तनाव।
105	क्षय (राजयक्ष्मा) (Tuber-Closis)	दो गोली	प्रात, सोते समय	पानी से	मीठे पदार्थ, मैथुन, मास, मद्य, तेज मसाले, ज्यादा तेल के तले पदार्थ, वजन उठाना।
106	क्षुद्र रोग	दो गोली	प्रात., सोते समय	पानी से	दूध, दूध से बने पदार्थ।

क्र स S No	नाम रोग Disease	मात्रा Qnty	समय Time	अनुपान Followed by	परहेज (कुपथ्य) निषेध (मना) है। Diet Avoided
107	शुक्राणु अल्पता (Sportzoma)	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	खटाई, ज्यादा स्त्री सग, मद्य।
108	मधुमेह (Diabitis)	दो गोली	प्रात , सोत समय	पानी से	मीठे पदार्थ (शक्कर, गुड़, अगूर, गन्ना, मिठाईयॉ) चावल, आलू, केला, दही, गरिष्ठ अन्न, मैथुन, दिन मे सोना, परिश्रम न करना, रात्रि भोजन, मद्य, मास, तेज मसाले, चिन्ता, क्रोध, लोभ, मोह, भावनाओ मे बहना, मनोह, मानसिक तनाव को त्यागना चाहिये। गोदूध, गौघृत अधिक लाभकारी हे।
109	अनिद्रा	दो गोली	प्रात , सोते समय	पानी से	गरिष्ट भोजन, वातकारक आहार

शराब (मद्य), मांस (सभी प्रकार का) सभी रोगों में मना है, यह मानव का आहार ही नहीं है।

"मेरे विचार के अनुसार गोरक्षा का सवाल स्वराज्य के प्रश्न से छोटा नही, कई बातो में - मैं इस स्वराज के सवाल से भी बड़ा मानता हूँ।

- महात्मा गांधी

गौमूत्र का सामान्य रोगों पर घरेलू प्रयोग

गाय के मूत्र मे कार्बोलिक एसिड होता है, जो कीटाणुनाशक है। अत शुद्धि और स्वच्छता बढाता है। प्राचीन ग्रथो ने इस दृष्टि से ही गौमूत्र को पवित्र कहा है। आधुनिक दृष्टि से गौमूत्र मे नाइट्रोजन, फॉस्फेट, यूरिया, यूरिक एसिड, पोटेशियम और सोडियम होता है। जिन महीनों मे गाय दूध देती है, उस वक्त गौमूत्र मे लेक्टोज रहता है, जो हृदय और मस्तिष्क के विकारो मे बहुत हितकारी है। स्वर्णक्षार भी मौजूद है, जो रसायन है।

गौमूत्र सेवन के लिए जो गाय रखी जाती है वह निरोगी और युवान होनी चाहिए। जगल क्षैत्र और चट्टाने जहा गायों को प्राकृतिक वनस्पति खाद्य रुप मे मिल सके वहा गायो का मूत्र अधिक अच्छा है। गौमूत्र को स्वच्छ वस्त्र से छानकर सुबह मे खाली पेट पीना चाहिए।गौमूत्र पान के एक घटे तक कुछ खाना नहीं चाहिए। स्तन पान करने वाले बच्चो को गोमूत्र देते समय माता को भी गौमूत्र देना चाहिए। मासिक धर्म के दौरान स्त्रियो को गौमूत्र पान से शान्ति और शक्ति मिलती है। सामान्यत युवा व्यक्ति एक छटाक से एक पाव मात्रा मे गौमूत्र सेवन कर सकते है।

गौमूत्र का उपयोग विभिन्न रोगो मे कैसे हो सकता है वह हम क्रमश दे रहे है।

1 कब्ज के रोगी को उदरशुद्धि के लिए गौमूत्र को अधिक बार कपडे से छानकर पीना चाहिए।

2 गौमूत्र मे हरडे चूर्ण भिगोकर धीमी आच से गरम करना चाहिए। जलीय भाग जल जाने पर इसका चूर्ण उपयोग मे लिया जाता है। गौमूत्र का सीधा सेवन जो नहीं कर सकता है उसे इस हरडे का सेवन करने से गौमूत्र का लाभ मिल सकता है।

3 जीर्णज्वर, पाण्डु, सूजन आदि मे किराततिक्त (चिरायता) के पानी मे गौमूत्र मिलाकर, सात दिन तक सुबह और शाम पीना चाहिए।

4 खासी, दमा, जुकाम आदि विकारो मे गौमूत्र सीधा ही प्रयोग मे लाने से तुरत ही कफ निकलकर विकार शमन होता है।

5 पाण्डुरोग मे हर रोज सुबह खाली पेट ताजा और स्वच्छ गौमूत्र कपडे से छानकर नियमित पीने से 1 माह मे अवश्य लाभ होता है।

7 बच्चो को खोखली खासी होने पर गौमूत्र को छानकर उसमे हल्दी का चूर्ण मिलाकर पिलाना चाहिए।

8 उदर के किसी भी रोग मे गौमूत्र पान से लाभ होता है।

9 जलोदर मे रोगी केवल गौदूध सेवन करे और साथ साथ गौमूत्र मे शहद मिलाकर नियमित पीना चाहिए।

10 चरक के मतानुसार लोह के बारीक चूर्ण को गौमूत्र मे भिगोकर इसको दूध के साथ सेवन

करने से पाण्डुरोग मे जल्दी लाभ होता है। सेवन से पहले खूब छानना जरुरी है।

11 शरीर की सूजन मे केवल दूध पीकर साथ मे गौमूत्र का सेवन करना चाहिए।

12 गौमूत्र मे नमक और शक्कर समान भाग मे मिलाकर सेवन करने से उदर रोग शमन होता है।

13 गौमूत्र मे सैधव नमक ओर राई का चूर्ण मिलाकर पीने से उदररोग मिटता है।

14 आंखो की जलन, कब्ज, शरीर मे सुस्ती और अरुचि मे गौमूत्र मे शक्कर मिलाकर लेना चाहिए।

15 खाज, फुन्सिया, विचर्चिका मे गोमूत्र मे आबाहल्दी चूर्ण मिलाकर पीना चाहिए।

16 प्रसूति के बाद सुवा रोग मे स्त्री को गौमूत्र पिलाने से अच्छा लाभ होता है।

17 चर्म रोगो मे हरताल, बाकुची तथा मालकागनी को गोमूत्र मे मिलाकर सोगठी बनाकर इसे दूषित त्वचा पर लगाना चाहिए।

18 सफेद कुष्ठ मे बावची के बीज को गोमूत्र मे अच्छी तरह पीसकर लेप करना चाहिए।

19 कान मे वेदना आदि विकारो मे गौमूत्र को गर्म करके इसकी बूँद डालनी चाहिए।

20 शरीर मे खुजली होने पर गौमूत्र का मालिश और स्नान करना चाहिए।

21 कृष्णजीरक को गौमूत्र मे पीसकर इस का शरीर पर मालिश ओर गौमूत्र स्नान करने से चर्म रोग मिटते है।

22 ईट को खूब तपाकर गौमूत्र मे इसे बुझाकर, कपड़े मे लपेटकर यकृत और प्लीहा (तिल्ली) की सूजन पर सेक करने से लाभ होता है। बगला कहावत है -

लीवराय, पीडाय किम्, दुख पावे, मतिहीन वैद्य।
गौमूत्रेण, सेक, दव, सुख पावे सद्य॥

23 कृमि रोग मे डीकामाली का चूर्ण गौमूत्र के साथ देना चाहिए।

24 सुवर्ण, लोह वत्सनाभ, कुचला आदि का शोधन करने के लिए और भस्म बनाने के लिए औषधनिर्माण मे गौमूत्र का उपयोग होता है। वह विषैले द्रव्यो का विषप्रभाव नष्ट करता है शिलाजीत की शुद्धि भी गौमूत्र से होती है।

25 चर्मरोगो मे उपयोगी महामरिच्यादि तेल और पचगव्य घृत बनाने मे गौमूत्र उपयोग मे लाया जाता है।

26 हाथी पाव (फाइलेरिया) रोग मे गौमूत्र सुबह मे खाली पेट लेने से मिट जाता है।

27 गौमूत्र का क्षार उदर वेदना मे, मूत्ररोध मे तथा वायु का अनुलोमन करने के लिए दिया जाता है।

28 गौमूत्र सिर मे अच्छी तरह मलकर लगाकर थोडी देर तक रखना चाहिए। सूखने के बाद धोने से बाल सुन्दर होते है।

29 कामला रोग मे गौमूत्र अतीव उपयोगी है।

30 गौमूत्र मे पुराना गुड़ और हल्दी चूर्ण मिलाकर पीने से दाद, कुष्ठरोग और हाथी पाव मे लाभ होता है।

31 गोमूत्र के साथ ऐरड तेल एक मास तक पीने से सधिवात और अन्य वातविकार नष्ट होते है।

32 बच्चो को उदर वेदना तथा पेट फूलने पर एक चम्मच गौमूत्र मे थोड़ा नमक मिलाकर पिलाना चाहिए।

33 बचो को सूखा रोग होने पर एक मास तक, सुवह और शाम गोमूत्र मे केशर मिलाकर पिलाना चाहिए।

34 शरीर मे खाज-खुजली हो तो गौमूत्र मे नीम के पत्ते पीसकर लगाना चाहिए।

35 गौमूत्र के नियमित सेवन से शरीर मे स्फूर्ति रहती है, भूख बढती हे और रक्त का दबाव स्वाभाविक होने लगता है।

36 क्षय रोगी को गोबर और गौमूत्र की गध से क्षय के जतु का नाश होने से अच्छा लाभ होता है। अत इसे गौशाला मे रखे और इसकी खाट को गौमूत्र से बार-बार धोना चाहिए।

37 Ring-Worm दाद पर, धतूरे के पत्ते, गौमूत्र मे पीसकर, गौमूत्र मे ही उबाले। गाढा होने पर लगावे।

38 टाइफायड या किसी भी दवाई खाने से सर या किसी स्थान के बाल उड जाते है तो गौमूत्र मे तम्बाकू को खूब पीसकर डाल देवे। 10 दिन बाद पेस्ट टाइप बन जाने पर अच्छा रगड कर बाल झडे स्थान पर लगाने से बाल फिर आ जाते है। सर मे भी लगा सकते है।

17 विशेष परिशिष्ट

आगे के पृष्ठो मे वर्णित गौमूत्र वटी का मानव शरीर पर प्रयोग औषधि के रुप मे सेवन करने पर किसी प्रकार की हानि नहीं होती है। यह निरापद औषधि ही नही, किन्तु घरेलू प्रयोग है। फिर भी इन गोलियो का कलकत्ता की आधुनिक औषधि निर्माता **एलबर्ट डेविड लिमिटेड की टेस्ट** लेबोरेटरी मे जाच कराई जाकर रिपोर्ट सलग्न की जा रही है। यह वटी किसी भी प्रकार के हानिकारक कीटाणुओ रहित है।

महाराष्ट्र राज्य के शासकीय आयुर्वेदिक सचालक महोदय, वरली मुम्बई-18, के दो पत्र भी पुस्तक मे लगा दिए है। जिनमे गोमूत्र घनवटी, गौमूत्र आसव,गौमूत्र अर्क का आतुरालय मे प्रयोग सफलता से रोगियो पर करके सतोष व्यक्त किया गया है।

पशु रोगो पर भी गोमूत्र उनके रोग नाशक सिद्ध हुआ है।

पाठको की पूरी जानकारी के लिए उक्त पत्र प्रकाशित कर दिये हैं ताकि शका का स्थान न रहे।

ब्लड प्रेशर तथा दमा के रोगियो पर गोमूत्र की सफलता का पत्र ''कल्याण'' मे प्रकाशित हुआ था, वह भी लगा दिया है। अवलोकन करे। कैसर रोग पर गौमूत्र से लाभ का अश भी जोडा है।

हिन्दी भाषानुवाद

केविल - ''रेमिट''
फोन - 27 - 2900
3901, 3102
टेलेक्स - 021 - 4085
फैक्स - 91(33) 270714

एलबर्ट डेविड लिमिटेड

रजि ऑफिस-15, चितरजन एवेन्यू,
कलकत्ता - 700072
सदर्भ - के पी एम /के पीं 302
दिनाक 9 नवबर 1994

आदरणीय श्री बाबू

आपके पत्र 13-95-1560 दिनाक 5 अक्टूबर 1995 के सदर्भ मे जिसके साथ एक पेकट गौमूत्र से बनी (डायबिटीज की चिकित्सा के लिए) गोलियो का था।

कृपया हमारे मापदण्ड निर्धारण विभाग के सलग्न पत्र को जिसमे इन गोलियो को जाच के बाद किसी भी हानिकारक जीवाणु से रहित पाया गया है। इसी आधार पर यह गोलिया प्रयोग करने मे सुरक्षित है।

ग्रहण करे सम्मान सहित।

आपका ही विश्वसनीय
(हस्ताक्षर)
के पी मूदडा

हिन्दी भावार्थ

म आ पोद्दार आयुर्वेद रुग्णालय
रा आ पोद्दार आयुर्वेद रुग्णालय, महाराष्ट्रशासन
डॉ एनी बेसन्ट रोड, वरली मुम्बई - 400 018

दूरध्वनि महाविद्यालय - 4934214 (कार्यालय)
4936881 (अधिष्ठाता)
रुग्णालय 4933533 (कार्यालय)
4931846 (अधिष्ठाता)

दिनाक 15 नवबर 1995

सदर्भ - सआपो/आस्था-3 सकीर्ण/6621/1994

प्रति,
मैनेजर,
गौरक्षण सस्था, अकोला
विषय - गौमूत्रासव निरीक्षण बावत्

अकोला के गोरक्षण सस्था ने गौमूत्र की टिकाऊ औषधि भेजी। गध मुक्त, गौमूत्र की विषघ्न, मलशोधक, आसव की कल्पना मिली। अनेक प्रकार के रोगो की जैसे - दमा, मलविष्ठभ को लाभकारी है। दो-दो चम्मच आसव लेने से स्त्रोतोरोध, दमा और दूसरे रोग नष्ट होते हे। मधुमेह के रोगियो को आसव मे गुड़ होने की वजह से सावधानी वापरना है।

यह टिकाऊ कल्प अनेक रोगो पर लाभकारी हे।

अधिष्ठाता
म आ पोद्दार रुग्णालय,
वरली मुम्वई

हिन्दी भावार्थ अनुवाद

क्र रा आ पो /आस्था सकीर्ण/3095
दि 10 5 95

प्रति

आयुर्वेद सचालक

महाराष्ट्र राज्य

वरली मुम्बई - 18

विषय - गाय के मूत्र का औषधि उपयोग

सन्दर्भ - आपके कार्यालय के पत्र क्रमाक सकीर्ण/गौमूत्र 1994/आयु 2

दि 29 4 94

महोदय,

गौमूत्र का प्राणिज औषधि के स्वतत्र रुप मे उपयोग, जलोदर, प्लीहा वृद्धि गुल्म विकार, अनेक विषैली औषधियो की शुद्धि के लिए इसकी उपयोगिता भावना द्रव्यो के रुप मे होती है। धातु, उपधातुओ की भस्म तैयार करने मे गौमूत्र का उपयोग होता है। अकोला की गौरक्षण सस्था के माध्यम से गौमूत्र की वटी, आसव, अर्क प्रभावित हुए है तथा तैयार करने की पद्धति, घटक आदि की प्रक्रिया मिली। इन वस्तुओ के बिगडने का कोई भय नही। ये वस्तुए और इनका कच्चा गौमूत्र टिकाऊ पदार्थ है।

ये औषधिया श्वास, दमा, मलावरोध, अविष्ठम्भ, पक्षाघात, रती, पाण्डू, एनिमिया मे प्रयुक्त होती है। ये गौमूत्र कल्प के भी काम मे आता है। यह मूल मे निरापद औषधि है। श्री गौरक्षण सस्था अकोला के द्वारा औषधि उपलब्ध कराने पर महाराष्ट्र पोद्दार आयुर्वेद कॉलेज रुग्णालय ने इन औषधिया का प्रत्यक्ष प्रयोग किया।

इनकी क्षमता मर्यादा अनुसार उपयोगी रही।

आपका विश्वासी
अधिष्ठाता
रा आ पोद्दार वेद्यक महाविद्यालय (आयुर्वेद) वरली, मुम्बई -18

18 कैंसर के रोगियों के लिए नई आशा

संदर्भ 'कल्याण' मई 1995 (पढो–समझो–करो) शीर्षक

गाय के गौमूत्र से बहुत से जटिल रोग ठीक हो सकते है। उनमे कैसर भी गौमूत्र के सेवन से ठीक होता है। कैसरग्रस्त एक व्यक्ति का उदाहरण यहा प्रस्तुत है :-

श्री विनायक नरसिह कुलकर्णी, मु पो सारोला (काटी तालुका, बार्शी, जिला सोलापुर महाराष्ट्र) उम्र 63 वर्ष की, जीभ और टासिल का कैसर था। सोलापुर के निकट सिद्धेश्वर कैसर अस्पताल मे उन्हे डॉक्टरो ने 18 तथा 12, कुल 30 रेडिएशन के सेक लेने को कहा। अप्रैल 1992 मे उन्होने सेक लेना आरम्भ किया। 3 सेक लेते–लेते उन्हे भयकर पीडा का अनुभव हुआ। श्री कुलकर्णी ने सोचा कि सेक की पीड़ा सहन करने से तो बिना उपचार कराए मरना अच्छा है। इसके बाद अस्पताल से वे अपने गाव चले गए। जब घर पर आए उस समय उनके शरीर की स्थिति बहुत नाजुक थी, उन्हे बहुत ही कमजोरी अनुभव हो रही थी तथा चार कदम चलना भी मुश्किल था। भोजन मे तरल पदार्थ ही ले सकते थे। रोटी का छोटा सा टुकडा बहुत मुश्किल से खा पाते थे।

श्री विनायक कुलकर्णी ने एक प्राचीन पुस्तक मे गाय के मूत्र, गोबर, दही, दूध तथा घी से बने पचगव्य के बारे मे पढा। जिसके अनुसार पचगव्य नित्य लेने से शरीर की भीतरी शुद्धि हो जाती है। श्री कुलकर्णी ने पचगव्य की पाच वस्तुओ मे से केवल देशी गाय का गौमूत्र 100 ग्राम तथा एक सुपारी जितना ताजा गोबर लेकर दोनो को अच्छी तरह से मिलाकर स्वच्छ वस्त्र से छानकर पीना आरम्भ किया। उन्होने गोबर तथा गौमूत्र के घोल को सुबह मजन इत्यादि नित्यकर्म से निवृत होकर लेना प्रारम्भ किया। धीरे–धीरे श्री कुलकर्णी की कमजोरी दूर होने लगी। रोटी के टुकड़ो को जहा पहले खाने मे कठिनाई अनुभव होती थी, वही अब सरलतापूर्वक खाने लगे। धीरे–धीरे भोजन की मात्रा मे वृद्धि करते गए। निरन्तर चार महीने तक गौमूत्र तथा गोबर का सेवन करने के बाद उन्होने साधारण व्यक्ति की तरह पूरा भोजन लेना प्रारम्भ कर दिया। उनके गले की गाठे खत्म हो गई थी। स्वास्थ्य मे आश्चर्यजनक परिवर्तन आ गया। पहले जहा चार कदम चलना मुश्किल था वहा अब वे पाच किलोमीटर पैदल चलने लगे। श्री कुलकर्णी ने अपने परिचित चिकित्सक को सोलापुर मे दिखाया। चिकित्सक ने बाहरी लक्षणो के आधार पर कैसर मुक्त होने की बात बताई। मै उनसे 30 नवबर 1995 को उनके गाव पर मिलने गया था। श्री कुलकर्णी तिरेसठ साल की उम्र मे पूर्णतया स्वस्थ दिखाई दे रहे थे। गोमूत्र तथा गोबर से शरीर के सारे रोगो का इलाज **राजवैद्य रेवाशंकरजी त्रिवेदी, रटलाई (झालावाड) राज.** करते है। यह ध्यान रहे कि औषधि के लिए गौमूत्र तथा गोबर देशी गाय का ही लेना चाहिए। अच्छा चारा या घास खानेवाली स्वस्थ देशी गाय का ही गौमूत्र तथा गोबर लेना चाहिए।

– लक्ष्मीनारायणजी चांडक, मुम्बई

गौमूत्र सेवन से उच्च रक्तचाप व श्वास पर चमत्कारी लाभ

HIGH BLOOD PRESSURE AND ASTHMA

कल्याण मासिक सितम्बर 1995 के पृष्ठ 801 पर एक 79 वर्ष के दीर्घकाल से दोनो रोगो से ग्रसित रोगी का स्वय का लेख है जो - अविकल रुप से नीचे दिया जा रहा है।

मेरी अवस्था लगभग 79 वर्ष की है। मे बहुत दिनो से श्वास तथा उच्च रक्तचाप से पीड़ित था। अग्रेजी दवाइया बराबर चल रही थी।

''गौसेवा अक'' मे गौमूत्र से अनेक रोगो की चिकित्सा पढकर मैने मन बनाया कि क्यो न इसका प्रयोग किया जाए।

मुझे जुकाम भी बहुत जल्दी होता था। इसलिए मैंने फूली हुई फिटकरी आधा चम्मच, एक प्याला गोमूत्र मे पीना शुरु किया। पहले ही दिन लाभ हुआ। मुझे यह प्रयोग करते लगभग एक मास हो गया है। डॉक्टरो से चैक कराया तो पता चला कि फेफडे बिल्कुल ठीक हो गए है। रक्तचाप भी प्रायः सामान्य हो गया है।

पहले मे सौ- दो सौ कदम भी नही चल सकता था। लेकिन अब दो किलोमीटर रोज टहलता हूँ।

यदि किसी प्रकार यह प्रयोग मुझे पहले ज्ञात होता तो स्त्री का देहान्त यकृत बढने के कारण, जो 5 मास पूर्व हुआ, सभव हे वह न होता। मुझे अनेकानेक अग्रेजी दवाइयो से कुछ लाभ नहीं हुआ बल्कि गौमूत्र का थोडे समय सेवन करने से चमत्कारी लाभ हुआ।

- रामस्वरुप वर्मा

गौमूत्र पशुरोगो पर पूरी तरह से सफल है

इसके लिए असि डायरेक्टर - वेटनरी (मन्दसौर (एम पी) का परिणास पत्र सलग्र है

Dr. R.S. Shrimal

M.V. Sc. & A. H.

Assistant Director Veterinary

Ph. Off.: 694, Resi. 412 PP

Key Village Scheme, Masndsaur (M.P.)

Date - 25-11-84

श्रीमान् राजवैद्यजी,

सादर प्रणाम !

आपकी दिनाक 25 3 84 की वार्ता के अनुसार जहा तक गोमूत्र की पशु चिकित्सा मे उपयोगिता का व सफलता का सवाल है ।

मैने मदसोर क्षेत्र के सभी प्रकार के पशुओ पर आपकी गौमूत्र की बनी दवाइयो का उपयोग किया है । गौमूत्र से बनी दवाइया निम्न रोगो पर असरकारक रही हे -

1 स्कीन डिसीजेस

2 लिवर डिसीजेस

3 रुमेटिक डिसीजेस

उक्त रोगो पर गोमूत्र चिकित्सा निश्चित ही असरकारक रही है । भविष्य मे यदि इस पद्धति का विकास किया जाए तो निश्चित रुप से पशु रोगो के उपचार हेतु सस्ती भारतीय दवाइया उपलब्ध हो सकेगी ।

Dr R S Shrimal

20 गौमूत्र का पशु रोगों पर सफल परिणाम

1	माता	(Rinderpest)
2	डक हवा	(Haemorrhagic - Septicmia)
3	तड़का	(Anthrax)
4	लगड़ा	(Black Quarter)
5	खुरहा	(Foot and Mouth Diseases)
6	थनैव	(Mastitis)
7	पैट फुल्लो	(Tympanitis)
8	रुमन का भर जाना	(Impaction of Rumen)
9	अढइया	(Ephemeral Fever)
10	शुदा	(Dysentary)
11	अपच	(Indigestion)
12	दस्त	(Diarrhoae)

आदि रोगो पर गौमूत्र 250 मि ली मे 50 ग्राम गुड़ मिलाकर सुबह-शाम पिलाना चाहिए। रोग के स्थान पर गौमूत्र छिड़कना चाहिए व गोबर की राख का छिडकाव करना चाहिए।

घाव (Wound) खरोच, विद्रधि (Abscess) पर गौमूत्र लगाना, गोबर की राख छिडकना एव गौमूत्र 250 मि ली सादा या गुड मिलाकर पिलाना दो बार हितकर हे। रोगी पशु को अलग बाधना चाहिए।

साराश है कि गौवश के हर रोग मे, गौमूत्र पिलाना, लगाना चाहिए।
मात्रा अधिक भी बढा सकते है। तीन बार भी दे सकते है।
गुड की वजह से पशु गोमूत्र पी लेते है। यो बिना गुड मिलाए भी पिला सकते है।
गुड़ की उपयोगिता तो स्वाद के लिए ही है।

21 लेखक के अप्रकाशित ग्रंथो की सूची

यदि कोई संस्था या सज्जन निम्न ग्रंथो को छपवाना चाहे तो सम्पर्क करें

क्रम सख्या	नाम पुस्तक	पृष्ठ
1.	**कामधेनु चिकित्सा**	1000
	(चन्द्रोदय 6 खण्ड)	कुल
	भागों का विवरण	
	भाग-1 ''पचगव्य पचामृत''	150
	भाग-2 रोगो का सरल निदान	150
	भाग-3 सरल गौमूत्र-गोमय चिकित्सा	150
	भाग-4 शास्त्रोक्त गौमूत्र योग (खाने के)	150
	भाग-5 शास्त्रोक्त गोमूत्र योग (लगाने के)	150
	भाग-6 केसर, ब्लड कैसर, हृदय रोग, ब्लडप्रेशर, एड्स, मधुमेह, श्वास, मिर्गी, बध्या (सतान न होना), गठिया, मोटापा, बाल यकृत रोग, श्वित्र (सफेद दाग), गलित कुष्ठ, बालक का मदबुद्धि होना आदि की गौमूत्र चिकित्सा	150
2	**गौमांस भक्षण से कैंसर की उत्पत्ति** गोमूत्र से केसर की चिकित्सा	100
3	**सब सुखों की खान, गौदुग्ध पान**	20
4	**गौमूत्र चिकित्सा**	150

गौमूत्र, गोमय और गोघृत से बनने वाले कुछ योग (औषधि)

1. गौमूत्रासव

गौमूत्र 10 किलो, पुराना गुड 2 किलो को गलाकर सधान करे। बर्तन मिट्टी का अथवा काच का पात्र भी हो सकता हे। गौमूत्र को पहले उबाल ले, ताकि इसकी अमोनिया गैस निकल जाए। इससे गध नष्ट हो जाएगी। फिर छानकर ही गुड को गलाकर पुन गरम करे। एक बार पुनः गुड सहित उसको छाने। यह सधान लगभग 15 दिन तक रहना चाहिए। फिर बिना हिलाए ऊपर से, पात्र मे से यह आसव निथार लेना चाहिए ताकि इसका गाढा भाग यूरिया तलछट से नीच रह जाए और गोमूत्र आसव पारदर्शक, पतला बने। मात्रा 25 मि ली भोजन के बाद दो बार पीना चाहिए। गुण सभी गौमूत्र के समान है। इस क्रिया को, इसके गुणो को स्थाई करने और गौमूत्र को बचाए रखने के लक्ष्य से की गई है। लाभ शीघ्र होता हे।

गौमूत्र आसव का उपयोग पूरी तरह से गौमूत्र के अनुसार ही करना चाहिए। मात्रा गौमूत्र से कम हो गई हे। चिरस्थायी रहता है। पुराना होने पर अधिक से अधिक गुणकारी होता है। अतएव आसव की क्रिया वाला गोमूत्र ज्यादा गुणकारी और पूर्ण गुणयुक्त होता है।

2. गौमूत्र अर्क व गौतीर्थ

गौमूत्र को एक मिट्टी के बर्तन मे या लोहे के पात्र मे जिस पर यत्र लगा हो भरकर अग्नि पर चढाते हे। फिर इस यत्र मे एक नलिका के द्वारा जो भाप निकलती है उसको एक पात्र मे जमा करते हे जिसके नीचे ठडा पानी रखा जाता है। वहा भाप का पानी बन जाता है। उस ठडे पानी के बर्तन को सदैव सभालते रहना चाहिए, ताकि उसका पानी गरम न हो जाए। पानी को ठडा पलटते रहना चाहिए। इस यत्र मे जो नलिका लगायी जाए, वह सफेद रग की, प्लास्टिक की हो तो उत्तम है ताकि भाप दिखता रहे। यदि धुऑ जाता दिखे, तो तुरत ऑच कम करनी चाहिए। इस अर्क का गुण गोमूत्रासव के सपूर्ण गुणो के बराबार तो नही हे क्योकि क्षार पैदे मे रह जाता है और बहुत से तत्व अग्नि से सपर्क मे उड जाते है। तथापि स्वच्छ व निर्गध के कारण यह ज्यादा लोकप्रिय हे।

लाभ कुछ दिन अधिक लेते रहने से होता है। महिलाए और बच्चे को आसानी से दे सकते है। इसे देने मे शहद मिलाया जाय तो लाभ बढ जाता हे। भोजन के बाद 12 मि ली अर्क थोडा शहद मिलाकर पीना चाहिए। मुख्य रुप से खून मे बढे हुए कोलेस्ट्राल को कम करने और वजन घटाने के यह उपयोग मे आता है। बच्चो की खासी, सभी प्रकार के रोगो मे आसानी से दिया जाता है। सुकुमार महिलाओ के लिए अधिक अनुकूल है।

गौतीर्थ - लोंग, जायफल, जावित्री युक्त अर्क है। एक हजार मिली लीटर गोमूत्र मे 50 ग्राम लोंग, जायफल, जावित्री, केसर सबका चूर्ण (सब समान - प्रत्येक लगभग 16 ग्राम) मिलाकर डालकर अर्क निकालना है। (केशर डालना आवश्यक नही हे)

3. गौमूत्र घनवटी अथवा गोमूत्र वटी अथवा कामधेनु वटी

गौमूत्र को कढाई मे रखकर ओटावे। अत मे उसका गाढा भाग रह जावे, जेसा कि गन्ने के रस को औटाकर गुड बनाया जाता है। गाढा रह जाने पर उतारकर नीचे रखकर ठडा कर लेना चाहिए। एक किलो गौमूत्र से 50 ग्राम प्राप्त होता है। इसे खुरचकर आपस मे कूटकर गोलिया चने के प्रमाण की बनानी चाहिए। ये गोलिया चिपचिपी न हों इसलिये उत्तम गाय के गोबर के कण्डो को जलाकर राख बनानी चाहिए। फिर उसे बारीक कपड़े से छानकर रखनी चाहिए। इस राख का कुछ रग पलटने के लिए शुद्ध गेरू 1/100 भाग पीसकर मिलानी चाहिए। ताकि कुछ रग सुधर जाए। फिर बारीक कपडे से छानना चाहिए। इन गोलियो को इस छने हुए राख के पाउडर मे ही रखना चाहिए। यह राख का पाउडर इन गोलियो का अबझोर्वेट है जिससे मोसम की नमी या गर्मी दोनो का ही प्रभाव नहीं होता। फिर प्लास्टिक की शीशी मे बद रखना चाहिए। जितनी मात्रा पेक करनी हो, उतनी ही शीशी मे सुरक्षित रखे। जब गोलिया खाली हो जावे तो इस पावडर को फेक दे। नमी से बचाने का उपाय करना है। इसी प्रकार धूप मे यह पिघल जाती है। इसके लिए गर्मी से बचाना आवश्यक हे। छोटी हरड़े का चूर्ण चोथाई भाग मिलाकर भी गोली बनाई जा सकती हे। फिर भी गोबर की राख ही रखना ठीक है।

4.बालपाल रस

सामग्री–

गोमूत्र अर्क 500मिली लीटर

दानेदार शक्कर (चीनी) एक किलो

नींबू का सत (सायट्रिक एसिड) -5 ग्राम

खाने का (बढिया) लाल रग आधा ग्राम

निर्माण विधि–

कढाई मे चीनी व गौमूत्र अर्क को मिलाकर उबालकर, शक्कर के झाग या मेल को बाहर निकालते जावे। शर्बत की चाशनी (एक तार की) होने पर नीचे उतारकर नीबू का सत व खाने का लाल रग पहले थोड़ी सी चाशनी मे मिलाकर घोले फिर सब मे मिलाकर ठडा होने पर छानकर कपड़े से बोतलो मे भर लेवे।

सेवन विधि –

एक दिन से एक वर्ष तक बच्चो के लिए 1 छोटा चम्मच सुबह एक छोटा चम्मच शाम पानी से तथा1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चो को 2 छोटे चम्मच सुबह, 2 छोटे चम्मच शाम पानी से देना हे।

उपयोग –गुणकर्म

बालक के अपचन, अफारा, पेट के कीटाणु (कृमि), दूध फेकना, उल्टी, दूध का दूषित होने पर पाचन न होना, रोग निरोधर्नी शक्ति की कमी, ग्रोथ फेक्टर की कमी, दात निकलने के समय के कष्ट, मानसिक दुर्बलता, अविकसित मस्तिष्क, बाल रोगो से बचाव व उसकी चिकित्सा होती हे ।

लीवर, फेफड़े व दूसरे रोगो की चिकित्सा व बचाव होता है। क्योकि इसका मूल घटक, गोमूत्र अर्क ही है। गौमूत्र के सारे गुण विद्यमान हे।बच्चो की सुविधा, पसद हेतु मीठा पेय बनाया गया हे। नित्य देते रहने से बालक निरोग ओर स्वस्थ बना रहता है।

5–नारी संजीवनी

सामग्री –

गौमूत्र अर्क 500 मिलीलीटर — दानेदार शक्कर(चीनी) एक किलो

नीबू का सत(साइट्रिक एसिड) 5 ग्राम — खाने का रग(बढिया) पीला आधा ग्राम

निर्माण विधि–

कढाई मे चीनी व गोमूत्र अर्क को मिलाकर उबालकर, शक्कर के झाग या मैल को बाहर निकालते जाये। शर्बत की चाशनी जेसा होने पर नीचे उतारकर नींबू का सत व खाने का पीला रग पहले थोडी सी चाशनी मे मिलाकर घोटकर सबमे मिलाकर ठडा होने पर छानकर कपडे से बोतलो मे भर लेवे।

सेवन विधि –

इसे प्रतिदिन 3 बार लेवे, लगभग 60 मिलीलीटर रोजाना हुआ।

4 छोटे चम्मच सुबह पानी से 4 छोटे चम्मच शाम पानी से

4 छोटे चम्मच रात सोते समय पानी से

उपयोग –

महिलाओ के मसिक धर्म की किसी भी प्रकार की गड़बडी (Mensus Disorder), श्वेत प्रदर (Lecorrhea), रक्त प्रदर तथा उनके द्वारा होने वाली सब प्रकार की कमजोरी, कमर दर्द, हाथ पाव फूलना, सरदर्द, जी घबराना, चक्कर आना, दिल की कमजोरी, पेट मे गैस बनना, हथेली, पगथली जलना, दिमागी गर्मी, क्रोध आना, नीद कम आना, चेहरे पर छोटी फुसिया होना आदि रोग ठीक होते हे। हमेशा लेते रहने से महिलाओ के स्वास्थ्य एव सुन्दरता की रक्षा होती हे।

6 – प्रमेहारी

सामग्री

गौमूत्र अर्क 500 मिलीलीटर,

दानेदार शक्कर (चीनी) 1 किलोग्राम, हरा खाने का रग 1/2, नीबू का सत (साइट्रिक एसिड) 5 ग्राम।

निर्माण विधि –

(चीनी) शक्कर और गौमूत्र अर्क को कढाई मे आग पर चढा देवें। फिर शरबत की पतली चाशनी हो जाने पर, उसके झाग, मैल निकालकर चाशनी साफ कर लेवे। फिर कढाई नीचे उतारकर हरा खाने का रग व नीबू खूब का सत घोलकर पूरी चाशनी मे मिला देवे। कपडे से छानकर बोतलो मे भर देवे।

सेवन विधि मात्रा –

छोटे चार चम्मच सुबह पानी से
छोटे चार चम्मच शाम पानी से
छोटे चार चम्मच रात पानी से।

गुणधर्म –

स्वप्न दोष, धातु का पतलापन, शीघ्र पतन, शुक्र मे शुक्राणु की कमी को ठीक कर इन रोगो से होने वाली कमजोरी, सुस्ती, आलस्य, सरदर्द, याददाश्त कम होना आदि को ठीक कर नवयुवको को स्फूर्ति, बल प्रदान कर सकता है।

नोट –

नारी सजीवनी, बालपाल रस, प्रमेहारी का पूरा मुख्य घटक गौमूत्र अर्क ही है। स्वादिष्ट एव सुरुचि पूर्ण बनाना अभिप्राय है। भिन्न-भिन्न रग का मतलब है कि प्रयोगो का भिन्न-भिन्न लेबिल से पहचान मात्र हो जावे।

7 – गौमूत्र हरडे चूर्ण

सामग्री –

जौ हरड़े (छोटी हरड़े) 1 किलो
बढिया अजवाइन 2 किलो
काली मिर्च 250 ग्राम
जवा खार 60 ग्राम
बढ़िया हींग 60 ग्राम
अरण्ड तैल 100 ग्राम
गाय का घी 10 ग्राम
काला नमक 400 ग्राम
सैधा नमक 600 ग्राम

नोट –

हीग जितनी अच्छी होगी, उतना अच्छा परिणाम होगा।

निर्माण विधि –

पहले एक किलो जो हरड़े (छोटी हरड़े) को पाच दिन तक गौमूत्र मे किसी लोहे के बर्तन या स्टेनलेस स्टील के बर्तन मे भिगोवे। हर दिन गौमूत्र पलटे और नया गोमूत्र डाले।

छठे दिन अरण्ड तेल (केस्टर ऑयल) एक सौ ग्राम मे कढाई मे मन्द मन्द आच मे गोमूत्र से निकाली जौ हरडे भूने। जब सिक जावे, गौमूत्र की चिपचिपाहट मिट जावे, तब उतार लेवे वे सिकने से सूख जावेगी। गीलापन नही रहेगा। फूल जावेगी।

गाय का घी 10 ग्राम मे हीग 60 ग्राम मन्द आच पर सेक लेवे। कम से कम आच लगावे। अब सिकी हुई हरडे एक किलो, भुनी हुई हीग 60 ग्राम तथा ऊपर सामग्री मे लिखी बाकी चीजे मिलाकर बारीक चूर्ण मशीन से या हाथ से कूट पीसकर बारीक से बारीक छलनी में छाने। किसी भी कपडे से न छाने। इससे दवा का तेल नष्ट होता हे। बारीक छलनी मे छानने के बाद खरल मे थोडा थोडा लेकर खूब रगडे। बारीक से बारीक रगडने पर ही गुणकारी होगा। जितना बारीक होगा उतना ही शीघ्र लाभकारी होगा।

गुणधर्म –

पेट के सभी रोग, अम्लपित एसिडीटी (फ्त्रह्मैद्वह्रछ्न्), गैस कब्ज, कृमि, बवासीर, यकृत, आतो व पेट के छाले (स्त्रऋ्ष्ठा), घबराहट, नीद की कमी, रक्तचाप, ब्लड प्रेशर, शरीर का कोई भी वात का दर्द नष्ट होता है। अपचन, भूख की कमी नष्ट होती हे। पेट मे गडबडी होने पर सिरदर्द हो तो लाभ हो जाता है। सबको लाभ करता है। भोजन के साथ, सब्जी, दालो मे डालकर खाने या नित्य सलाद मे लेने से, खाद, पानी मे विषैली दवाईया, कीटनाशक, तत्वो का विष का प्रभाव आने को निर्विष कर, रक्त को निर्दोष बनाता है।

मात्रा –

2 छोटे चम्मच भर दिन मे दो बार या भोजन के बाद दोनो बार लेना आवश्यक है।
बिना रोग के भी नित्य सेवन करना अत्यन्त लाभप्रद है।

8 – गौतक्रासव

सामग्री –

गाय का मट्ठा 1 लीटर
(पीसा) सैधा नमक 50 ग्राम
(पीसा) राई का चूर्ण – 50 ग्राम
(पिसी) हल्दी चूर्ण – 50 ग्राम

निर्माण विधि –

गाय के मट्ठे मे बराबर का पानी मिलाकर, उसमे बाकी तीन चीजे अच्छी तरह मिलाकर रख देवे। फिर किसी मर्तबान, मिट्टी के बर्तन, या काच के मर्तबान मे भर कर मुह बद रखकर सधान करे।

चौथे दिन सारा छानकर, बोतलो मे भरे। निथार कर छानना चाहिए ताकि राई के छिलके, और हल्दी कम आ सके। बाद मे, बोतलो मे भी हल्दी जम जाने के बाद निथारते रहे।

गुणधर्म –

अर्श (बवासीर) को हर सूरत मे लाभकारी। पेट के सब रोग, भूख न लगना, अन्न न पचना, गैस अजीर्ण ठीक होते है गुणधर्म - पाचक है। यकृत प्लीहा को लाभ पहुचाता है।

सब प्रकार के बवासीर, अजीर्ण, आफरा, गैस, भूख की कँमी, घबराहट, कब्ज, सभी प्रकार के पेट रोग नाशक है। स्वादिष्ट पाचक पेय है।

मात्रा –

छोटे चार चम्मच भोजन के बाद पानी मिलाकर दो बार, पीने से फायदा होता है। सब त्रतु मे, सब के लिए बराबर मात्रा मे रोजाना लेना स्वास्थ्य रक्षक है। आयुवर्धक पेय हे। स्वादिष्ट है। निरापद, सरल योग है। गैस नाशक है।

9 – श्वित्रनाशक योग (खाना)

सामग्री –

शुद्ध बाकुची के बीज - 1 किलोग्राम — शुद्ध गेरु - 1 किलोग्राम

शुद्ध आमलासार गधक - 1 किलोग्राम — गोमूत्र क्षार 1 किलोग्राम

शुद्ध करने की विधि –

बावची - बावची के एक किलो बीजो को गौमूत्र (देशी गाय के) मे एक रातभर भीगने देवे। सुबह एक कढाई मे चढाकर दूसरा गोमूत्र मे उबाले, खूब उबलने पर कपडे से छानकर रखे।

गेरु शोधन –

गेरु मिट्टी एक किलो को 200 ग्राम गाय के घी मे मन्द-मन्द अग्नि पर भूने। उतार लेवे।

आमला सार गधक शोधन –

1 किलो आवलासार, गधक को 1 किलो गाय के घी मे कढाई मे मद आच पर पिघलावे फिर एक तपेली मे गौमूत्र भर कर उस पर साफ सूती कपडा बाधकर उस घी मे पिघले गधक (आवलासार) को तुरन्त गौमूत्र वाली तपेली मे उडेल देवे। गरम गरम ही घी सहित डालना चाहिए। फिर उस गौमूत्र मे पड़े ठडे हुए गधक का निकाल कर शुद्ध गरम पानी से धोकर रखे।

निर्माण विधि –

गौमूत्र क्षार - 1 किलो

शुद्ध आवलासार गधक - 1 किलो

शुद्ध बावची - 1 किलो

शुद्ध गेरु - 1 किलो

इन चारो वस्तुओ को कूट कूटकर खरल मे खूब घुटाई करे। जितनी घुटाई होगी उतनी ही गुणवत्ता बढेगी। फिर एक एक चने बराबर गोलिया बनाकर सुखा लेवे। नही सूखे तो गोबर के कण्डे की राख छानकर उसमे रखे। तीन दिन बाद उससे निकाल लेवे। सूख जावेगी। पानी और गर्मी से पिघलती है। सूखती नहीं है। मोसम खराब हो तो, गोबर के कण्डे की राख मे ही रखकर सुखाना चाहिए।

सुन्दर रग लाना हो तो, सूखने के बाद शुद्ध गेरु को खूब बारीक पीसकर इसमे डालकर खूब हिला लेवे। लाल रग उत्तम आ जावेगा।

उपयोग –

सुबह, दोपहर, शाम-रात को तीन तीन गोली पानी से देना है। लगभग रोग की स्थिति अनुसार 3-6-12 मास खाकर शरीर कचन काया कर सकते है। बच्चो को मात्रा आधी यानी एक एक गोली चार बार देवे।

10 – पंचगव्य घृत

घटक –

गोबर रस - 100 मि ली

गाय का दही- 100 मि ली

गौ दूध-100 मि ली

गौमूत्र-100 मि ली

गोघृत-100 मि ली

निर्माण विधि –

सबको एक कढाई मे डालकर आग पर चढावे। मद मद आच देवे। सिर्फ घी ही पकने के बाद शेष रहे। तब ठण्डा करके छान लेवे।

सेवन विधि –

10 मि ली सुबह 10 मि ली शाम को गाय के दूध या पानी से।

गुण –

मिर्गी, दिमाग की कमजोरी, पागलपन, पाण्डु, शोथ, भयकर कामला (Jaundice), ववासीर, गूल्म, ग्रह बाधा, विषमज्वर, बुद्धि मन्दता, याददाश्त की कमी पर लाभकारी है।

11 – गौमय दन्त मंजन

सामग्री –

गोबर के कण्डो को पहले साफ सुथरी जगह या कढाई मे रखकर जला देवे । आधे जल जावे तो एक साफ तगारी के ढककर उसकी आसपास की हवा बद करने के लिए टाट का कपडा किनारो पर दबा देवे । लगभग आधे घटे के बाद खोलकर काला, मजबूत पका कोयला निकाल लेवे । कच्चा, कण्डा या जली सफेद राख काम मे नही लेवे । चाहे तो जमीन मे गड्डा खोदकर ईट सीमेट से प्लास्टर कर, उसे कोयला बनाने के काम मे भी लाया जा सकता है । ऊपर किसी बडे लोह के बर्तन से ढककर हवा बन्द की जा सकती है । पर यह ज्यादा मात्रा बनाने पर ठीक रहता है । थोड़े मजन के लिए तो कढाई मे ही बना लेना चाहिए ।

इस तरह बने कोयले को खरल मे बारीक करके, सूती बारीक कपडे मे रगडकर, छानकर सूक्ष्म पाउडर बना लेव । अब सादा कपूर (पपडी का) 20 ग्राम, अजवाइन का सत 20 ग्राम ले।पहले कपूर और अजवाइन के सत को एक शीशी मे मिलाकर एक घटा रखे । जब यह अपने आप घुलकर 40 मिलि लीटर तेल बन जावेगा । कुछ कमी रहे तो खूब हिलाकर पूरा घुल जाने पर तेल बनने के बाद, बने कपूर के तेल को उपरोक्त एक किलो कण्डे के बारीक चूर्ण मे डाल देवे। फिर सादा नमक, 160 ग्राम के बारीक किये हुए पाउडर को 160 ग्राम पानी मे मिलाकर गरम करके पूरा नमक घोल लेवे । इस घुले हुवे नमक के पानी, का वजन 320 ग्राम होगा ।

अब तीनो चीजे, गोबर के कण्डे का कोयला का पाउडर एक किलो, कपूर तैल 40 मिली लीटर तथा नमक के घोल वाला पानी 320 मिली मीटर सबका वजन एक किलो तीन सौ साठ हुआ। सबको एक अच्छी साफ लोहे की कढाई या बर्तन मे मिलाकर अपने हाथो से खूब मिलाकर आधा घटा खरल मे रगडे, साफ शीशियो मे भर लेवे । इस को सूखने नही देवे । नमी की स्थिति मे भर लेवे ।

गुणधर्म –

दातो का कीड़ा लगना, दातो मे पानी लगना या गरम वस्तु लगना, मसूढे फूलना, दर्द मुह व जुबान के छाले, गले मे खराश तथा मुह के स्वाद के बिगडने पर, टासिल रोग व आवाज बेठने पर हमेशा लाभकारी, मुख दुर्गध नाशक व पायरिया, मसूडो से पीप आने पर पूर्ण लाभकारी है। सुबह व सोते समय मजन करना आवश्यक है । दन्तरक्षा व मुख रोग रक्षा होगी ।

12 – गौमय तैल

सामग्री –

गोबर का रस 100 मिली लीटर तिल्ली का तैल 100 मिली लीटर

गोबर का रस निकालने की विधि –

देशी गायो के गीले गौमय (गोबर) का एकबड़ा सा ढेर गीला इकट्ठा करे । एक सूती, खादी

का कपडा लगभग 2 फिट उस गोबर के गड्डे मे घुसेड देवे। कपडे को अन्दर फैला देवे।

6 घटे के बाद, उस कपडे को निकालकर साफ स्टील के बर्तन मे निचोड लेवे। रस कम हो तो दुबारा उसी कपडे को उसी गोबर के ढेर मे फिर फैला देवे 6 घटे के बाद फिर उसे निचोड देवे।

निर्माण विधि –

गोबर का रस, और तिल्ली का तैल दोनो को स्टील की भगौनी मे या एल्यूमिनियम की कढाई मे मिलाकर मन्द-मन्द आच पर पकावे। जब गोबर का रस जल जावे तब साफ कपडे से तेल को छाने। शीशी मे भरे।

उपयोग –

आखो की लाली, जलन, आखो के कारण सिरदर्द, तनाव, कच्चा मोतियाबिन्दु, रात्रि को कम दिखना, जाला, आखो मे खुजली होना, आखो से पानी आना आदि मे उपयोगी है। मोतिया बिन्दु कची स्थिति मे नष्ट हो जाता है। पढने लिखने, या आखो स अधिक काम करने वालो को सुबह, सोते समय, नित्य एक-एक बूद डालने से नेत्रो की ज्योति सुरक्षित रहती है। कम आयु मे लगा चश्मा और उसके नम्बर उतर जाते है।

रोजाना उपयोग करते रहने से नेत्र रक्षा होती है। आयुर्वेद के ''भैषज्य रत्नावली'' ग्रथ का नेत्ररोगाधिकार का परीक्षित योग है।

ड्रापर से एक-एक बूद आखो मे डाले।

13 – गौमय मरहम

सामग्री –

गोबर के कण्डे का बारीक रगडा हुआ चूर्ण 500 ग्राम

गेरू मिट्टी 400 ग्राम

गौमूत्र क्षार 100 ग्राम

नीला थोथा 50 ग्राम

पेट्रोलियम जेली-एक किलो

निर्माण विधि –

पहले नीला थोथा पीसकर फिर मन्द आच पर छोटी सी कढाई मे हल्का भून लेवे। रग सफेद होने पर उतार लेवे। फिर सूखी सभी चीजो को बारीक से बारीक रगड कर पेट्रोलियम जेली मे मिलाकर खरल मे खूब रगड़े। बाद मे शीशियो मे भर लेवे। कभी कोमल स्थान पर लगाने स जलन हो तो थोड़ा घी मिलाकर हल्का करे।

उपयोग –

त्वचा रोग पर गोमूत्र से वह स्थान धोकर दिन मे 2-3 बार लगावे।

लाभ –

त्वचा पर दाद, खाज, एक्जिमा, सिरोसिस, पामा, दूषित घाव पर लाभकारी।

नोट - आखो मे नही लगने पावें।

14 – कामधेनु तैल (लगाना)

सामग्री - गोबर का रस - 250 मिली लीटर गौमूत्र - 500 मिलीलीटर

कपूर (डली का) - 25 ग्राम

तिल्ली का तेल - 1000 मि ली अजवाइन का सत - 10 ग्राम

निर्माण विधि –

पहले कपूर और अजवाइन के सत को शामिल पीसकर एक शीशी मे भरे। जब तक तैल बन जावे हिलावें। फिर एक कढाही मे गौमूत्र और गोबर रस खूब मिलाकर मसलकर मजबूत कपडे से छाने। इस छने रस को तैल मे मिलाकर मन्द-मन्द आच पर कढाही मे पकावे। सिर्फ तैल रह जावे। तब ठण्डा करक छान लेवे। शीशी मे भरे, इसके बाद कपूर का तैल इसमे मिलाकर खूब हिला देवे।

उपयोग - शरीर मे किसी भी जगह दर्द हो, मालिश करके सेक देवे। आराम होगा।

15 – श्वित्र नाशक योग (लगाना)

सामग्री –

बावची के बीज - 1 किलोग्राम ग्रेरू मिट्टी - 1 किलोग्राम

हीरा कसीस - 250 ग्राम गधक सादा - 1 किलो

सभी को खूब कूट पीसकर चूर्ण तैयार कर दुगने गोमूत्र मे डालकर कढाई मे खूब पकावे पूरा गाढा हो जावे तो, हमाम दस्ते मे रगड़े और खरल मे घुटाई करे। जितनी ज्यादा घुटाई होगी उतनी दवा अच्छी बनेगी। अगर घोटने मे गौमूत्र डालते जावेगे तो गुणकारी बनेगी। चौड़ी चपटी, टिकिया बनाकर सुखावे इनका भी रग सुन्दर करना हो तो गेरु मे डालकर हिलावे। कलर हो जावेगी।

उपयोग –

दागो '' सफेद दाग'' पर पानी मे घिसकर लगावे, सुबह व सोते समय। दोपहर मे टिकिया लगाने से पहले गौमूत्र से धोवे (सिर्फ एक बार)

लगातार-कुछ महीने लगाने से दाग मिट जाते है। खाने की दवा भी खाना आवश्यक है। अगर पूरे शरीर मे दाग हो, या ज्यादा हो तो रोजाना गौमूत्र मे गोबर मिलाकर स्नान से पहले शरीर पर मालिश करके (पूरे शरीर पर) तुरन्त स्नान ठडे या गरम पानी से कर ले। ऐसा करने से

दाग शरीर मे नही फैलते है एव शरीर अतिशीघ्र कचन के समान हो जाता है।

गोबर-गोमूत्र के स्नान से चमडी की गरमी, विकार, विष खिचकर शरीर निर्विकार होने लगता है। रोग की तेजी नष्ट हो जाती है।

16 – गोपाल नस्य

सामग्री –

गोवत्स (छौ) गोबर

(गाय के तत्कार पैदा हुए बछडे-बछडी का गोबर 100 ग्राम जो बछडे के नौ मास तक गर्भ मे रहने पर दूध का गोबर त्यागा गया हो)

2 - आकडे का दूध 100 ग्राम 3- काली मिर्च 50 ग्राम

निर्माण विधि –

प्रथम बार ही गाय ने जो बछडा दिया है उस बछडे का गर्भ से निकलते ही जो मल त्याग बछडे का होता है उसे खरल मे डालकर खूब खरल करे। फिर आकडे का दूध डालकर खूब खरल करे। सूख जाने पर दूध डालते रहे। लगातार खरल करते रहे। बाद मे अच्छी तरह सुखा ले। इस सूखे हुए आकडे का दूध और बछडे के गोबर से आधा भाग काली मिर्च चूर्ण मिलाकर के फिर खूब रगडे। खरल के बाद मे कपडे से छानकर शीशी मे सुरक्षित भरकर रखे।

गुण –

मिर्गी (Epilepsy), दिमाग मे कीडे (कृमि), नाक का पीनस, हिस्टीरिया, बेहोशी, नाक का सायनस (नासा व्रण), सिर दर्द मे एक नली मे इस नस्य को रखकर दोनो सुरो मे फूके। मिर्गी के दौरे मे फूक देने से मिर्गी नष्ट होती है। ऐसा एक दो दौरे के समय नाक मे फूकने से मिर्गी के कीटाणु या विकार नष्ट हो जाते है।

17 – गौमय साबुन (स्नान के लिए)

सामग्री–

गोबर (देशी गाय का ताजा) 1250 ग्राम, गेरु मिट्टी 200 ग्राम

मुल्तानी मिट्टी 1000 ग्राम

गोवर का रस निकालकर बराबर तिल्ली के तेल को मिलाया हुआ और उससे पकाया तेल, 250 ग्राम कपूर (डली वाला) - 50 ग्राम, अजवाइन सत - 10 ग्राम

विधि – को मिलाकर गलाने पर तेल वन जाने पर रखे। गीले ताजे गोबर और गेरु, मुल्तानी मिट्टी को खूब पीसकर मिलाकर, दो दिन धूप मे सुखाए, फिर बारीक-बारीक चूर्ण करके, कपडे मे या बारीक छलनी मे छाने। बाद मे कपूर का तेल को खूब पीसकर और गौमय तेल इसी मे मिलाकर खूब मसले। फिर नीम के पत्तो का गरम उबला हुआ काढा मिलाकर छानकर मात्रा के

अनुपात मे मिला ले, फिड डाइ या साचे मे दबाकर धूप मे सुखा दे। बाद मे सोप स्टोन मे लपेटकर-पोछकर पैक कर दे।

गुण – महाभारत अनुशासन पर्व 28-19 मे आदेश दिया हे कि -

''गोयमेन, सदा, स्नायत् कर्रषि, चापि सविर्शत्''

अर्थ - मनुष्य प्रतिदिन शरीर मे गोबर लगाकर स्नान करे। स्वयमेव, सूखे गोबर पर बेठे या स्पर्श मे रहे। पुरुषोत्तम सहस्त्र नाम के स्कद 10 वा भगवान कृष्ण का नाम ही **''गोष्ठांगण गति प्रियः''** ''गौशाला के गोबर मे लीलाप्रिय कहा है। श्रीमद्भागवत के 10-6-20 मे पूतना का भगवान के द्वारा स्तनपान के बाद गोपियो ने भगवान कृष्ण को, गोमूत्र से स्नान कराया, गौरज लगाई, समस्त शरीर मे गोबर का लेप किया।

''गौमूत्रेन, स्नापयित्वा, पुनर्गोरज सार्भकम् रक्षां

चक्रुश्च, शकृता द्वादशांगेषु नामभि''

शास्त्रो मे गोबर की बड़ी महिमा है। स्नान के लिए लिखा -

''यन्मे रोगं, शोकंच – तन्मे दहतु गौमय''

अर्थ - गोबर से किया स्नान सस्कारित होता है, जिससे सर्व शारीरिक एव मानसिक व्याधियो का दहन होता है। ऋषियो ने गोमय (गोबर), मिट्टी (मृतिका) एव भस्म स्नान का विधान किया है और गोबर (गौमय) के गुणो का आयुर्वेद मे वर्णन हे कि गो का गोबर, कीटाणुनाशक, पोषक, क्रातिप्रद, दुर्गन्धनाशक, शोषक, वीर्यवर्धक, रसयुक्त परम पवित्र है।

गोबर की महिमा गान है।

'' अष्टैश्वर्य मयी लक्ष्मी, बसते गौमये सदा''

गोबर मे आठ ऐश्वर्य वाली लक्ष्मी का सतत वास है (महाभारत)। अतएव इसके नित्य स्नान से आज के प्रदूषण एव रेडियेशन तथा सक्रमण का भय नही होता है। त्वचा के रोग नाशक, रक्त की बढी हुई उष्णता को शात करने का बड़ा दिव्य गुण है। क्राति प्रदान करता है। इसलिए रोजाना स्नान करने के लिए गौमय साबुन निर्माण किया गया है। इससे सब प्रकार से लाभ ही लाभ है। बाल, खाल स्वस्थ रहती है। आयुर्वेद शास्त्र मर्यादा से इसी उद्देश्य के लिए गौमय साबुन का उपयोग करे।

18 – गौमय अंगराग (पाउडर)

सामग्री –

मुल्तानी मिट्‌टी 1000 ग्राम — गेरु मिट्‌टी 200 ग्राम

गीला गोबर 1250 ग्राम — गौमय से बनाया तेल- 250 मिलीग्राम

नीम के पत्तो का काढा कपूर (डली का) 40 ग्राम मे अजवायन सत 10 ग्राम मिलाकर गलने पर बना तेल।

निर्माण विधि – पहले साबुन की ही विधि से इसे सुखाकर बारीक पाउडर करके पेक कर लिया जाता है।

प्रयोग विधि – पानी से चेहरे, शरीर, मस्तक, सिर पर प्रयोग किया जाता है। सिर की भूसी, रुसी (Dandruff) नष्ट होता है।

गुणधर्म – गौमय साबुन की ही तरह से है। इसके चेहरे पर नित्य प्रयोग करने से चन्द्रप्रभा व काति आती है। मुह से झाई, दाग नष्ट होते हे।

19 – विश्व देव धूप (बत्तियां)

सामग्री –

गीला गौमय (गोबर) 1000 ग्राम	खस का कुटा हुआ बारीक बुरादा या आरा मशीन की लकडी का बुरादा 500 ग्राम
गाय का घी 200 ग्राम	चावल (अक्षत) 200 ग्राम

निर्माण विधि –

गोबर के अलावा सभी को गाय के घी के द्वारा मौण देवे (घी मिलाकर हाथो से मिक्स करे) फिर गोबर के साथ मिक्स करके खूब आपस मे मसले। बाद मे एक पाइप, जिस आकार की बत्ती बनाना हो उसी आकार की गोल प्लास्टिक की हो या लोहा, पीतल, एल्यूमिनियम की हो, बनाकर उसी के आकार का उसे धक्का देने वाली लकडी या लोहे की छड बनाकर तैयार करे, बाद मे उस पाइप के टुकडे मे उस माल को पानी से गीला करके ठूसकर लकडी की छड से धक्का देने से बत्तिया बन जाएगी। धूप मे थाली मे रखकर सुखा दे। फिर किसी भी टीन के डिब्बो मे पैक कर दे।

उपयोग –

''**धूपम् आघ्रापयामी**'' सभी उपासना की विधियो मे धूप प्रज्जवलन को अत्यन्त महत्व दिया हे। हवा शुद्धि, वायु प्रदूषण की रोक, पर्यावरण सतुलन, दीर्घ श्वसन, स्वस्थ्यरक्षण, रोगाणुनाशक एव मन शाति से पूरा सबध है। यह धूप शास्त्रोक्त, शुद्ध वनस्पतिजन्य द्रव्यो का होना आवश्यक हे। कैमिकल न होना चाहिए। धूप विधान इस प्रकार है –

वनस्पति रसोद भूतो – गधाडन्यो, गध, उत्तमा आधेय, सर्व देवोनाम् धुपोयम् प्रति गृह्यताम्। इसी विधान से गौमय (गोबर) समिधा काष्ठ शुद्ध वनस्पति जन्य धूप गोघृत आदि युक्त धूप निर्माण है।

20 – गौदेव धूप (वातावरण शुद्धि) हेतु

सामाग्री –

1. लाल चन्दन 250 ग्राम
2 जटामासी 250 ग्राम
3 नागर मोथा 250 ग्राम
4 सूखा गोबर चूर्ण 750 ग्राम

विधि –

सबको खूब बारीक पीसकर पाउडर बना ले।

पयोग –

गाय के गोबर के कण्डे की आग या कोयलो की आग पर धूपन करने से जीवाणु-कीटाणु मच्छर आदि से मुक्ति मिलती है। इस वातावरण मे श्वास लेने से रोग नाश होकर प्राणवायु मिलती है। दीर्घायु एव मानसिक शाति मिलती है। रात को पलग के पास धूप देकर सोने से नींद गहरी आती है।

21 – एक्जिमा साबुन

सामगी –

मुल्तानी मिट्टी 1 किलो
लाल गेरु मिट्टी 200 ग्राम
गीला गोबर 1250 ग्राम
नीला थोथा (Copper Sulphate) 36 ग्राम

निर्माण विधि –

कापर सल्फेट ''नीला थोथा'' को बारीक से बारीक पीसकर उपरोक्त सामान मे मिलाकर नीम के पत्तो का काढा बनाकर छानकर उस पानी से गीला करके टिकिया सा बनाकर डाइ या वैसे ही टिकिया बनाकर धूप मे सुखा लेवे।

उपयोग –

टिकिया को एक्जिमा (पामा), दाद, सिरोसिस ऑफ स्किन (मण्डल कुष्ठ) मे पानी मे घिसकर लगाना है। यदि जलन लगे तो घी, खोपरे का तेल लगा ले।

सावधानी –

1 इस टिकिया को चेहरे और आखो पर नही लगाना चाहिए।

2 यह स्नान के लिए नही है।

3 जिस जगह एक्जिमा हो वही लगाना है। शरीर के दूसरे हिस्सो पर नही लगाए।

22 – कामधेनू खाद (सूखा)

गोबर को नेडप कम्पोस्ट विधि से वनस्पति के फालतू पत्ते, शाखाए, जल डालकर सडाने से उत्तम सेन्द्रिय खाद तेयार हो जाती हे। छोटे से गड्ढे मे भी घर मे तेयार हो सकता हे। जिनके घर एक भी गाय है वहा उत्तम खाद तैयार हो जाती हे।

उसके पेकेट के रुप मे जल मे घोलकर घर के गमलो, तुलसी दल, फूलो व गमलो मे व्यवहार करके अपने घरो मे वातावरण शुद्धि करके प्रदूषण मुक्ति मे सहायक हो सकती है। तुलसी दल व घर के फूलो के गमलो के लिए उत्तम खाद है। राजस्थान गोसेवा सघ, दुर्गापुरा से यह हर समय उपलब्ध है। प्रशिक्षण की व्यवस्था भी हैं।

23 – स्प्रे के लिए कामधेनु खाद (तरल)

वृद्ध गाय, बैल तथा साड के मूत्र मे नाइट्रोजन की मात्रा अधिक होती है। 10 किलो गौमूत्र मे 2 5 किलो नीम की पत्ती को पन्द्रह दिन सडाकर उसे छानकर कीटनाशक औषधि बनती हे। 1 किलो कीटनाशक औषधि को 100 किलो जल मे मिलाकर पौधो पर छिडका जाता है। इस छिडकाव से रासायनिक छिडकाव के जहर से बच सकते है और बहुत कम खर्च मे आपके पौधो पर छिडकाव हो कीटरक्षा जाती है।

24 – कामधेनु शैम्पू (केश निखार)

सामग्री –

गौमूत्र 2 किलो, अरीठा 50 ग्राम, कपूर डली का 15 ग्राम, अजवाइन का सत 10 ग्राम

विधि –

अरीठा बारीक कूटकर गौमूत्र मे औटाए। 500 ग्राम शेष बचने पर छानले। कपूर व अजवाइन का सत को एक अलग शीशी मे थोडी देर रखकर हिलाएँ। फिर शेष छने गौमूत्र मे मिला दे।

उपयोग –

सिर मे स्नान के समय बालो पर अच्छी तरह लगाए।

25 – गौमूत्र इल्ली नाशक स्प्रे

फसलो की इल्ली (अल्ली) लम्बा कीड़ा मारने के लिए।

विधि –

गोमूत्र मे निर्गुड़ी (नेगड) (सभालु) के पत्ते, मजरी, डठल 100 ग्राम को सडाकर बीस दिन रखे। फिर मसलकर छानकर स्प्रे (छिडकाव) करने से, फसलो का इल्ली का रोग नष्ट हो जाता ह। पहले ही छिडकाव किया जाए तो इल्ली का प्रकोप होगा ही नही।

औषधि के नाम, गुण व मात्रा

10 पचगव्य घृत
मिर्गी (Epilepsy), हिस्टीरिया, उन्माद, तनाव, बुद्धि की कमी, पागलपन मे सफल।
सुवह 2 छोटे चम्मच गोदूध से सोते समय 2 छोचे चम्मच गोदूध से

11 श्वित्रनाशक टिकिया (खाना)
सफेद दागो (Lecoderma) पर सफल।
सुवह 2 गोली शाम 2 गोली पानी से।

12 गोमय-तेल
कच्चा मोतियाविन्द (Cataract) लाली, जलन, फूला, रतौधी पर उपयोगी।
2-2 वूद सुवह-सोते समय आखो में डालना है।

13 गोमय मरहम
त्वचा रोग, एक्जिमा पर लाभदायक 2 वार लगाना है।
पहले गोमूत्र से धोवे या एक्जिमा साबुन लगा लेवे।

14 श्वित्रनाशक टिकिया (लगाना)
पानी मे घिसकर Lecoderma के सफेद दागो पर लगाना है।

15 गोमय दन्त मजन
मुख के छाले, टासिल, मसूडे व दात रोगो पर लाभकारी
सुवह व रात को सोते समय मजन करना

16 गोपाल नस्य (सुघने के लिये)
नाक का विगडा जुकाम, सायनस, पीनस, मिर्गी पर रोजाना दो चावल भर सुवह, सोते समय सूघना है।

17 गोमय साबुन
त्वचा रोग, खर्पर कुष्ठ (चमडी का साइरोसिस) विषाक्त वातावरण व सक्रमण से रक्षा करता है।
नित्य स्नान करना है।

18 गोमय अंगराग पाउडर
चेहरे पर मुहासे, फुसिया, त्वचा की गर्मी के रोगो पर पानी मे घोलकर, सोते समय लगाना।

19 कामधेनू शेम्पू
सिर के वाल व खाल (त्वचा) के लिए स्वास्थ्यप्रद, स्नान के समय लगाना है।

20 कामधेनू तेल
शरीर के किसी भी अग के दर्द पर लगाना

21 एक्जीमा साबुन
पामा (Eczema) पर पानी मे घिस कर लगाना।

22 कामधेनू खाद (सुखा)
वागवानी, तुलसी व गमलो मे डालने हेतु वैज्ञानिक विधि से तैयार प्राकृतिक खाद।

23 कामधेनु खाद (तरल)
फसलो पर स्प्रे (छिडकने हेतु)

24 इल्लीनाशक स्प्रे खाद
स्पेशल रुप से इल्ली रोग जो फसलो मे होता है उस पर स्प्रे के लिए।

25 विश्वदेव धूपवत्ती
देव पूजा व वातावरण शुद्धि के लिए

26 गोदेव धूप
वातावरण शुद्धि, प्रदूषण शुद्धि क लिए अगारों पर जलाने के लिए।